श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता (डीआईएन– 08714820) ने वर्ष 1984 में रायपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर से खनन अभियंत्रण में डिग्री प्राप्त की। इन्होंने 1989 में फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कंपिटेंसी उत्त्तीर्ण की है। इन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की। वर्ष 1984 में कोयला उद्योग में अपने कैरियर की शुरूआत इन्होंने डब्ल्यूसीएल से की। श्री गोमास्ता ने एसईसीएल तथा एनसीएल में भूमिगत तथा खुली खनन में विभिन्न पदों पर काम किया है। खुली खानों में 16 वर्ष के अनुभव तथा भूमिगत खनन में 18 वर्ष के इनके व्यापक कार्य अनुभव से न सिर्फ सीएमपीडीआई को बल्कि संपूर्ण कोयला उद्योग को काफी लाभ मिलेगा।

उच्च प्रबंधन पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए इन्होंने वर्ष 2014 में स्वीटजरलैंड तथा फ्रांस का दौरा किया। श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता ने दिनांक : 25.2.2020 को सीएमपीडीआईएल के निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण किया है। इसके पहले ये नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली में महाप्रबंधक (खनन) के पद पर कार्यरत थे।

इन्हें दिनांक : 25.2.2020 से सीएमपीडीआई के निदेशक मंडल में निदेशक (तकनीकी) (कोयला संसाधन विकास) के पद पर नियुक्त किया गया है।